भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

MINT DELHI 30 APRIL 2025

# 17.3%

**THE GROWTH** in Hyderabad airport's domestic footfall in FY25 from a year ago, the fastest among Indian metro airports, as per the Airport Authority of India.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE ASSAM TRIBUNE GUWAHATI 29 APRIL 2025

# Rockfall near Lengpui Airport claims three lives

CORRESPONDENT

AIZAWL, April 28: In a tragic incident near Mizoram's Lengpui Airport, three members of a family lost their lives after their car was crushed by a massive rockfall on Monday afternoon, police said.

The victims identified as Lalrinliana (68), his wife Lungtiawii, and their daughter Vanlalhruaii (24) died instantly when boulders struck their vehicle near Pukpui, an accident-prone stretch known for its steep rock faces. Their son, Lallawmzuala (28), who was driving the vehicle, sustained serious injuries but survived the disaster.

According to police at Sairang, the family was returning to their Falkland residence in Aizawl after picking up Vanlalhruaii from the airport. She had just arrived from Singapore, where she had been employed as a nurse.

The wreckage of the car was flattened beyond recognition. Emergency teams retrieved the bodies from the debris and transported them to the Primary Health Centre (PHC) at Lengpui. Lallawmzuala was referred to Aizawl for advanced treatment after receiving first aid at the Lengpui PHC.

Lawmthanga, village council president of Lengpui, said the bodies would be brought to Aizawl for post-mortem. Funeral services are expected to take place on Tuesday.

Authorities noted that the site of the tragedy, near a small waterfall at Pukpui, has been rated above 500 on the Rockfall Hazard Rating System (RHRS), indicating a critical risk level that necessitates urgent stabilisation.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 30 APRIL 2025

# Fairfax, BIAL officials meeting TN CM sparks buzz over Hosur airport project

**Our Bureau**
Chennai

Serial investor Prem Watsa of Fairfax Holdings has shown interest in Tamil Nadu's new airport plans, recent developments suggest.

Watsa, Chairman and CEO of Fairfax Financial Holdings, met Tamil Nadu Chief Minister MK Stalin on Monday, accompanied by State IT Minister Palanivel Thiagarajan.

Sumit Maheshwari, MD & CEO of Fairbridge Capital; Ajit Isaac, Chairperson of Quess Corp; and Hari Marar, MD & CEO of Bangalore International Airport Ltd (BIAL), also attended the meeting.

This has set off speculation in aviation circles that the discussions with the



**JOINING HANDS.** Tamil Nadu Chief Minister MK Stalin in a meeting with Fairfax, BIAL officials

Chief Minister involved Tamil Nadu's plans for two new airports — one at Parandur and the other near Hosur.

**AIRPORT INFRA**

After the meeting, Thiagarajan said in a post on X that the delegation discussed various potential investment opportunities in Tamil Nadu, including the Chennai and Hosur airports. "As the majority owners of the airport in Bengaluru, they are keen to leverage their expertise to develop such facilities in Tamil Nadu as well," he said.

However, officials present at the meeting declined to comment. There are also reports that once expansion works are completed, the Chennai airport will be privatised. But Aviation Minister Kinjarapu Rammohan Naidu had denied any such plans during an interaction with the media in February.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 30 APRIL 2025

# Mumbai airport unilaterally cutting slots will damage its reputation: IATA

**Our Bureau**
Mumbai

Mumbai International Airport's (MIAL) move to suspend freighter flights and cancel historic slots of airlines will cause a long lasting damage to the airport's reputation and credibility, International Air Transport Association has said.

Last week MIAL had informed airlines of its plan to suspend freighter flights from August 16. Airlines from West Asia were also told that their slots in the winter schedule would be cut citing construction of new taxiways and planned redevelopment of airport's terminal 1. "IATA is surprised and deeply disappointed that MIAL has informed airlines of the unilateral cessation of cargo freighter flights, and a seemingly permanent withdrawal of historic slots beginning next season. This is not what one would expect of a major hub airport in India, and will cause long-lasting damage to the airport's reputation and credibility. The discriminatory impact on cargo operations and on certain operators also raises the spectre of reciprocal impact under bilateral air services agreements," John Middleton IATA's head for worldwide airport slots said in a statement.

**'NO CONSULTATIONS'**

Middleton said there is existing international guidance to deal with temporary capacity reductions at airports, which calls for consultation and advance notice rather than the unilateral action taken in this case. MIAL has also failed to adhere to the civil aviation ministry's guidelines for slot allocation, including its direction to preserve historic rights for future seasons.

IATA said it has urged the Mumbai airport to withdraw these cuts and engage with the airline industry to minimise disruptions. "So far there have been zero details on how MIAL will manage the capacity reduction and mitigate the impact. This does not inspire confidence," Middleton said.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 30 APRIL 2025

# Telcos urge Noida Airport to deploy common IBS

**Our Bureau**
New Delhi

Telecom players including Bharti Airtel, Reliance Jio and Vodafone Idea have written to the Noida International Airport to allow deployment of a common in-building solution (IBS) for seamless telecom connectivity within the airport terminal, without the involvement of any third-party infrastructure provider.

**THE MANDATE**

Under the Telecommunication Act, 2023 and the Telecommunication Right of Way (RoW) Rules, 2024, all public authorities controlling access to public spaces are mandated to provide RoW to licensed telecom service providers (TSPs) for building telecom networks, they said.

The companies had also jointly made the representation on August 22, 2024.

"We would like to reiterate that this proposal is made in the larger public interest to ensure uninterrupted and high-quality connectivity for passengers as well as for airport operational and maintenance staff.

"As licensed TSPs and rightful spectrum holders, we possess both the legal authority and the technical expertise to deploy state-of-the-art telecom infrastructure at the airport," the three telcos said in the letter.

**PRACTICAL OPTION**

While each TSP is individually entitled to obtain RoW permissions for IBS, the company acknowledged that space constraints and logistical considerations within airport premises make it more practical to implement the infrastructure in one go and preferably common infrastructure.

Therefore, the companies said they have jointly sought the go ahead to install the required facilities in a coordinated manner, they said.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR DELHI 30 APRIL 2025

दो दिन में 400 से ज्यादा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर असर

# आईजीआई : खराब मौसम व रनवे बंद होने से हड़कंप, सैकड़ों उड़ानें प्रभावित

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर खराब मौसम और रनवे 10/28 के मरम्मत कार्य के लिए बंद होने से 28 और 29 अप्रैल 2025 को उड़ान संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) और सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, इन दो दिनों में 400 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित हुईं, जिनमें देरी, डायवर्शन और रद्दीकरण शामिल हैं। दरअसल, 28 और 29 अप्रैल को पूर्वी हवाओं और धुंधले मौसम ने उड़ान संचालन को मुश्किल बनाया। डायल के मुताबिक, सामान्यतः प्रति घंटे 42 विमानों का आगमन होता है, लेकिन पूर्वी हवाओं के कारण यह क्षमता घटकर 32 रह गई। इन दो दिनों में अनुमानित 350-400 उड़ानें देरी से चलीं, जिनमें 60% घरेलू (लगभग 210-240) और 40% अंतरराष्ट्रीय (लगभग 140-160) थीं। करीब 30 उड़ानें डायवर्ट की गईं, जिनमें 20 घरेलू (जयपुर, लखनऊ, देहरादून) और 10 अंतरराष्ट्रीय (दुबई, लंदन) थीं। इसके अलावा, 15-20 उड़ानें रद्द हुईं, जिनमें 12 घरेलू और 8 अंतरराष्ट्रीय थीं।

## एयर ट्रैफिक की क्षमता घटी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 28-29 अप्रैल के लिए दिल्ली में तेज हवाओं और धुंध की चेतावनी दी थी। रनवे 10/28, जो 8 अप्रैल से इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) अपग्रेड के लिए बंद है, जुलाई 2025 तक चालू नहीं होगा। इससे हवाई यातायात की क्षमता 45 से घटकर 31 विमानों प्रति घंटे रह गई। सोशल मीडिया पर यात्रियों ने नाराजगी जताई। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अपनी फ्लाइट के जयपुर डायवर्ट होने की शिकायत की।

## पाक एयरस्पेस बंद होने से भी दिक्कत

पाकिस्तान द्वारा भारतीय उड़ानों के लिए एयरस्पेस बंद करने से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लंबे रास्ते अपनाने पड़े, जिससे 40 मिनट तक की देरी और ईंधन लागत बढ़ी। इंडिगो ने अलमाटी और ताशकंद की उड़ानें 27 अप्रैल से 7 मई तक रद्द कर दीं। इस दौरान यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अव्यवस्था और सूचना की कमी की शिकायत करते हुए अपना गुस्सा जाहिर किया है। डायल ने एडवाइजरी जारी करते हुए यात्रियों को अपने अपने एयरलाइन से ताजा जानकारी लेने की सलाह दी। इधर डीजीसीए ने एयरलाइंस को खानपान और समय पर सूचना देने के निर्देश दिए। पाकिस्तान के इस फ़ैसले का सबसे ज्यादा असर दिल्ली से उड़ान भरने वाले विमानों पर होगा. हालांकि, उत्तर भारत के कुछ और एयरपोर्ट पर भी इसका असर पड़ना तय है, जिनमें अमृतसर, लखनऊ शामिल हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 30 APRIL 2025

# नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई के निर्माण कार्यों की समीक्षा आज करेंगे मुख्य सचिव

■ अंतरराष्ट्रीय और घरेलू विमानों की कब से शुरू होगी उड़ान, इस पर हो सकता है फैसला
■ मुख्यमंत्री ने 10 मार्च को की था एयरपोर्ट के विकास कार्यों की समीक्षा

**ग्रेटर नोएडा,** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, जेवर से अंतरराष्ट्रीय, घरेलू और कार्गो विमानों का उड़ान भरने के लिए निर्माण कार्य किस स्तर पर पहुंच गया है, उड़ान को लेकर चल रही प्रक्रिया कहां तक पहुंची है, इन सब सवालों का जवाब तलाशने प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह बुधवार जेवर एयरपोर्ट पहुंच रहे हैं। नोएडा एयरपोर्ट के विकास कार्यों से जुड़ी एजेंसियों यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, टाटा प्रोजेक्ट, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। नोएडा एयरपोर्ट से विमानों का उड़ान शुरू करने का अंतिम टाइम लाइन भी निर्धारित किया जा सकता है।

बता दें कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से विमानों का उड़ान अप्रैल तक संभावित था। निर्माण कार्य समय से पूरा न होने पर अप्रैल से विमानों का उड़ान शुरू नहीं हो पाया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने 10 मार्च को एयरपोर्ट के विकास कार्यों की समीक्षा किया था। जिस पर मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट का विकास कार्य समय से पूरा न होने पर नाराजगी जाहिर की थी। सभी स्टेकहोल्डर्स अपने-अपने संगठनों में इस विलंब के लिए उत्तरदायित्व निर्धारित करने के लिए कहा था। 15 मई तक घरेलू यात्री, कार्गो टर्मिनल बिल्डिंग का कार्य पूरा करने, 15 से 25 जून के बीच अंतरराष्ट्रीय टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया था।

ईपीसी कांट्रैक्टर टाटा प्रोजेक्ट को कैचप प्लान तैयार कर सख्ती से इसकी समीक्षा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया था। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में निर्माण कार्य से जुड़ी सभी एजेंसियों के साथ बैठक कर 15 दिन के अंदर विकास कार्यों की सभी गतिविधियों का रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह बुधवार को नोएडा एयरपोर्ट जेवर में बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक में टाटा संस के चेयरमैन भी मौजूद रहेंगे।

DAINIK JAGRAN DELHI 30 APRIL 2025

# हवा के बदले पैटर्न व एक रनवे के बंद होने का उड़ानों पर असर जारी

**सोमवार मध्य रात्रि से मंगलवार तड़के तक आगमन की अधिकतर उड़ानें रहीं विलंबित, पूरी रात चलता रहा यह सिलसिला**

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** हवा के बदले पैटर्न व एक रनवे के बंद होने का असर आइजीआइ एयरपोर्ट पर पड़ना जारी है। व्यस्त समय में एयर ट्रैफिक कंजेशन का मुकाबला करने के लिए दिल्ली आ रही उड़ानों को या तो होल्ड पर रखा जा रहा है या फिर उन्हें उस जगह से विलंब से प्रस्थान करने को कहा जा रहा है जहां से उन्हें दिल्ली के लिए उड़ान भरनी है।

इसे आप इस रूप में समझें कि सोमवार रात 12 बजे के बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड करने वाली अधिकतर उड़ानें एक से दो घंटे की देरी से यहां पहुंचती रहीं। यह सिलसिला पूरी रात चलता रहा। सोमवार रात 12 बजे से रात दो बजे के बीच की 80 प्रतिशत उड़ानें एक से दो घंटे या इससे भी अधिक विलंबित रहीं। देर रात दो बजे के बाद स्थिति थोड़ी सुधरी, लेकिन तब भी आगमन में आधे से एक घंटे की देरी होती ही रही।

**प्रस्थान में बुरा हाल:** प्रस्थान की उड़ानों की बात करें तो सोमवार देर रात से मंगलवार आठ बजे के बची 250 उड़ानें ऐसी रहीं, जो आधा घंटा या इससे अधिक समय के लिए विलंबित रहीं। इसके पीछे कुछ तो एयर ट्रैफिक कंजेशन और कुछ इन उड़ानों का दिल्ली पहुंचने में विलंब होना रहा।

एक अनुमान के अनुसार प्रस्थान से जुड़ी 56 प्रतिशत उड़ानें विलंबित रहीं। विलंबित उड़ानों में औसतन 18 मिनट की देरी दर्ज की गई। इसी तरह आगमन की 26 प्रतिशत उड़ानें विलंबित रहीं। आगमन की उड़ानों में आमतौर पर बहुत ही कम उड़ानें विलंबित होती हैं, जिसे देखते हुए यह संख्या काफी अधिक है।

### मंगलवार को भी जारी की गई एडवाइजरी

मंगलवार को भी डायल ने एडवाइजरी जारी कर यात्रियों को बताया कि हवा के बदले रुख के कारण उड़ानों के संचालन पर असर पड़ सकता है। यात्री अद्यतन स्थिति के लिए संबंधित एयरलाइंस से संपर्क कर अपडेट लेते रहें।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

FREE PRESS JOURNAL MUMBAI 29 APRIL 2025

# Pune Int'l Airport gets affordable 'Udaan Café'

**Staff Reporter**
PUNE

To ease the burden on flyers, Union Civil Aviation Minister Ram Mohan Naidu has taken a significant step by introducing the "Udaan Café" initiative under the government's vision of "Ude Desh ka Aam Nagrik".

Pune International Airport started its own Udaan Café, from Monday, Apr 28, offering passengers affordable refreshments with tea and water priced at just Rs10, and coffee, samosas, and sweets at Rs20.

The initiative, which has already received an overwhelming response at Kolkata, Ahmedabad, and Chennai airports, aims to make air travel more comfortable and pocket-friendly for the common people, the government claims. The Union Ministry of Civil Aviation had previously launched the 'Udaan' scheme to make air travel accessible to the average citizen.

FREE PRESS JOURNAL MUMBAI 29 APRIL 2025

## Taximen protest at Mopa Airport

**PERNEM:** A number of taxi operators protested at the Pernem market following repeated orders to shut down the Blue Cab counter at Manohar International Airport in Mopa. The taxi operators later met officials at the Pernem Mamlatdar's office to discuss their grievances.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

FREE PRESS JOURNAL MUMBAI 29 APRIL 2025

AHMEDABAD

# New Domestic lounge at airport

In good news for people traveling from Sardar Vallabhbhai Patel International (SVPI) Airport, a new domestic lounge is set to open at Terminal 2 (T2) of the airport. With several domestic airlines shifting their operations from Terminal 1 (T1) to T2, there has been an increase in passenger footfall at T2, leading to a demand for upgraded lounge facilities. In response, a new domestic lounge is being created at T2, featuring greater seating capacity and several amenities like power outlets, fast Wi-Fi, and food and drink options. Traditionally serving as the international terminal, T2 is being expanded to function as an integrated terminal for both domestic and international flights. This action aims to better utilize T2's space during daytime hours, as most international flights operate at night, while also reducing the stress on the domestic terminal.The upgrades are not limited to Terminal 2. Plans are underway to refurbish the domestic lounge at T1, transforming it into a more luxurious and relaxing area for passengers.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 30 APRIL 2025

तैयारी | आतंकी घटना और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर बनेगा

# एयरपोर्ट पर सुरक्षा तंत्र और मजबूत होगा

■ अमित झा

**नई दिल्ली।** एयरपोर्ट पर किसी भी आतंकी घटना और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली सरकार की ओर से इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर बनाया जाएगा। इसके लिए उपराज्यपाल की तरफ से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। इसके लिए एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर स्थान दिया गया है।

एयरपोर्ट पर आतंकी हमला, केमिकल हमला, विमान क्रैश और भूकंप जैसी स्थिति से निपटने के लिए यह कमांड सेंटर काम करेगा। आपात स्थितियों से निपटने के लिए एयरपोर्ट के प्रत्येक कर्मचारी को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, दिल्ली एयरपोर्ट देश के सबसे सुरक्षित एयरपोर्ट में शामिल है। यहां किसी प्रकार का आतंकी हमला, केमिकल हमला, तेज भूकंप, बाढ़ या विमान क्रैश होता है तो उससे निपटने के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने की जरूरत है।

इसे ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार की तरफ से एयरपोर्ट पर इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। कमांड सेंटर में मौजूद अधिकारी एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ, पुलिस, डायल कर्मचारी, दुकानदार, सुरक्षाकर्मी, लोडर, एयरलाइंस कर्मचारी आदि को आपातकाल स्थिति के लिए प्रशिक्षण देंगे। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर सभी एजेंसियां सुरक्षा से लेकर यात्रियों की सहायता करने में बेहतर कार्य कर रही हैं, लेकिन आपातकालीन स्थिति में इनके बीच तालमेल होना ज्यादा महत्वपूर्ण है।

**मोबाइल नेटवर्क ठप होने पर भी बातचीत होगी :** आपात स्थिति में कई बार मोबाइल नेटवर्क ठप होने के मामले सामने आए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए रेडियो वेव का नेटवर्क कमांड रूम में स्थापित किया जाएगा। इसकी मदद से कमांड सेंटर में बैठा शख्स आपाताकालीन स्थिति में दिल्ली सरकार और राहत बचाव कार्य करने वाली एजेंसियों से बिना मोबाइल नेटवर्क भी जुड़ सकेगा।

## कई विभागों के कर्मचारी तैनात होंगे

इस कमांड सेंटर को डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट ऑफिसर द्वारा संभाला जाएगा। यहां पर एनडीआरएफ के आधा दर्जन से ज्यादा जवान तैनात किए जाएंगे, जिनका काम कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना होगा। इसके अलावा सिविल डिफेंस के वॉलंटियर और एडिशनल चीफ वार्डन भी यहां तैनात होंगे। इनके माध्यम से दिल्ली सरकार की ओर से एयरपोर्ट पर एक बड़ा बचाव दल तैयार करने की योजना है।

THE INDIAN EXPRESS DELHI 30 APRIL 2025

# Over 600 flights delayed at Delhi Airport amid bad weather, runway upgrade

**EXPRESS NEWS SERVICE**
NEW DELHI, APRIL 29

MORE THAN 600 flights were delayed at Delhi's Indira Gandhi International Airport (IGIA) on Tuesday due to unfavourable weather conditions and the closure of one of the four runways for repair work.

A total of 198 arrivals and 443 departures were delayed, reported flight tracking website Flightradar24, as of 11.30 pm.

In a passenger advisory, the airport had earlier underlined that delays were expected. "Due to shifting wind patterns in the vicinity of the airport, certain airline operations may experience delays," read a post on its official account on X on Tuesday evening.

A combination of factors, including the early onset of easterly winds and the commencement of upgradation work on a runway, has been leading to delays at the airport.

Air traffic flow management measures were put in place 8:30 pm onwards on Tuesday, "by Air Traffic Control authorities to ensure safe operations, in accordance with international and regulatory protocols, keeping passenger safety as the highest priority," as per an official statement.

Last week, Delhi Airport warned of unfavourable weather conditions as it cited forecasts from the India Meteorological Department, and said that easterly winds are expected between April 26 and May 4. "The change in wind patterns may potentially affect flight operations during the period," it said.

When the easterly winds are in action, the airport can accept only 32 arrivals per hour; in contrast to 46 arrivals per hour during westerly winds, as per officials.

# IGI scrambles to address delays

Over 200 flights delayed amid runway work, winds; 10 more air traffic controllers added

ASHISH SRIVASTAVA @ New Delhi

A wave of delays has crippled flight operations at Indira Gandhi International (IGI) Airport, with over 200 outbound flights getting delayed on Monday and nearly half of arriving flights running behind the schedule. The disruption, caused by a combination of strong easterly winds and the ongoing upgrade of Runway 28/10, has led to widespread chaos and growing frustration among passengers.

While the easterly winds—an annual weather pattern—have imposed stringent flow restrictions, the temporary closure of a crucial runway has added to the airport's operational woes. According to data from the flight tracking website Flightradar24, delays are averaging around 30 minutes. However, no flights have been diverted to other airports. The runway upgrade, which began on April 8, involves improvements to the Instrument Landing System (ILS), essential for navigation in low-visibility conditions. As per the latest advisory from Delhi Airport, flight operations remained impacted between 8:30 pm Tuesday and 12:30 am Wednesday due to altered wind conditions.



The situation is expected to persist until at least May 4. In response, the Delhi International Airport Limited (DIAL), which operates IGI Airport, along with Air Traffic Control (ATC), has ramped up efforts to manage the crisis. Ten additional air traffic controllers have been deployed—six in area control and four in approach—raising ATC's operational capacity by nearly 30%.

"On an average day, 35 air traffic controllers manage Delhi's airspace. Given the current crisis, we have added ten more," said a senior official from the Air Traffic Controllers' Guild.

"The delay is not in the air, but likely occurring on the ground," he added. The official further criticized the lack of proactive planning, blaming the airport's failure to upgrade Runway 10/28 in a timely manner and a shortage of ATC staff for worsening the disruption.

"Easterly winds are a known seasonal phenomenon, yet the absence of a functioning runway and adequate personnel has made the situation worse. Despite Delhi being the busiest airport in the country, we operate under the same Watch Duty Time Limitation as smaller airports—only two hours. The government must address this if we are to manage such high volumes of air traffic efficiently," the official explained.

**Social media flooded with passenger plaints**

With social media flooded with passenger complaints and airlines scrambling to rearrange schedules, the crisis underscores the need for better preparedness at the country's busiest aviation hub. The situation is expected to persist until at least May 4. In response, the DIAL, which operates IGI Airport, along with Air Traffic Control, has ramped up efforts to manage the crisis.

NAVBHARAT TIMES DELHI 30 APRIL 2025

# IGI एयरपोर्ट पर 100 उड़ानें लेट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**इंदिरा गांधी** इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर पूर्वी हवा के कारण उत्पन्न हुई स्थिति में 100 से ज्यादा उड़ानों में मंगलवार को विलंब हुआ है। इसकी पुष्टि एयरपोर्ट सूत्रों ने की है, यह स्थिति लगातार बनी रह सकती है। इसे लेकर डायल ने 26 अप्रैल से 4 मई तक के लिए अलर्ट जारी किया था। खराब मौसम और रनवे 10/28 के रिपेयर के कारण उड़ान संचालन लगातार प्रभावित हो रहा है। पिछले चार दिनों में लगभग 400 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित हुई हैं। जिनमें डीले होना, डायवर्जन और कैंसिलेशन भी शामिल हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

PIONEER DELHI 30 APRIL 2025

# उत्तराखंड में एयरपोर्ट विस्तार से बढ़ेंगी हवाई सेवाएं : पुष्कर धामी

## दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से मिले मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात की। इस बैठक में राज्य में विमानन क्षेत्र के विकास, हवाई कनेक्टिविटी में सुधार, और उत्तराखण्ड के पर्यटन को बढ़ावा देने के विषय में विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट की रनवे लम्बाई को 1,372 मीटर से बढ़ाकर 3,000 मीटर किये जाने के लिये उत्तराखण्ड सरकार द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को कुल 524.78 एकड़ भूमि हस्तांतरित कर दी गयी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पन्तनगर एयरपोर्ट का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। उन्होनें केन्द्रीय मंत्री से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को तत्वरित कार्य प्रारंभ करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट के विस्तारीकरण ओर रात्रिकालिन ऑपरेशन संचालन को मध्यरात्रि तक बढ़ाने का अनुरोध किया।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कहा कि नैनीसैनी एयरपोर्ट (पिथौरागढ़) नई दिल्ली स्थित आईजीआई के लिए नियमित वायुसेवा शुरू करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चिन्यालीसौड़ और गौचर हवाई पट्टी का निरीक्षण कर हवाई सेवा का संचलान किये जाने हेतु कार्यवाही प्रारंभ करने का केन्द्रीय मंत्री से अनुरोध किया। जिसपर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## पाटिल से जल विद्युत परियोजनाओं पर चर्चा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को राजधानी दिल्ली में जल शक्ति मंत्रालय में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात कर राज्य में प्रस्तावित जल विद्युत परियोजनाओं के विषयों पर विस्तृत चर्चा की। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने सभी प्रस्तावों पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया।

![AAI logo] भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

PUNJAB KESARI　　DELHI　　30 APRIL 2025

# दिल्ली एयरपोर्ट पर थमी रफ्तार

# 400 से ज्यादा उड़ान प्रभावित

## खराब मौसम, बंद रनवे और अंतरराष्ट्रीय हालात के चलते 400 से ज्यादा फ्लाइट्स प्रभावित

**रनवे 10/28 भी इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) के उन्नयन कार्य के चलते बंद है, जो जुलाई 2025 तक चालू नहीं हो सकेगा...**




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर 28 और 29 अप्रैल को यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। खराब मौसम, प्रमुख रनवे के बंद होने और पाकिस्तान एयरस्पेस की बंदी ने मिलकर उड़ानों की रफ्तार थाम दी। दो दिनों में करीब 400 से ज्यादा उड़ानें या तो देरी का शिकार हुईं, डायवर्ट कर दी गईं या रद्द कर दी गईं। इस असामान्य स्थिति ने देश-विदेश के यात्रियों को सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर करने को मजबूर कर दिया।

डायल (दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड) और एयरलाइंस के मुताबिक, आम तौर पर आईजीआई पर प्रति घंटे 42 विमानों की लैंडिंग होती है, लेकिन पूर्वी हवाओं और धुंध जैसे मौसमीय कारणों के चलते यह क्षमता घटकर 32 रह गई। इसी दौरान रनवे 10/28 भी इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) के उन्नयन कार्य के चलते बंद है, जो जुलाई 2025 तक चालू नहीं हो सकेगा। इसका असर पूरे हवाई यातायात पर पड़ा। इन दो दिनों में करीब 350 से 400 उड़ानों में देरी हुई, जिनमें से लगभग 60 फीसदी घरेलू और 40 फीसदी अंतरराष्ट्रीय थीं।

वहीं, 30 से ज्यादा उड़ानों को जयपुर, लखनऊ, देहरादून, दुबई और लंदन जैसे विकल्पीय हवाई अड्डों पर डायवर्ट करना पड़ा। 15 से 20 उड़ानों को पूरी तरह रद्द कर दिया गया, जिससे सैकड़ों यात्रियों की योजनाएं प्रभावित हो गईं। मौसम विभाग ने पहले ही तेज हवाओं और दृश्यता में कमी की चेतावनी दी थी, लेकिन रनवे क्षमता पहले से ही सीमित होने के कारण संचालन पर अतिरिक्त दबाव बन गया। ऐसे में उड़ान संचालन सामान्य बनाए रखना एयरपोर्ट और एयरलाइंस दोनों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया। हालात और बिगड़े जब पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपने एयरस्पेस को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। इससे कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को वैकल्पिक, लंबे रूट अपनाने पड़े, जिससे उड़ान समय में 30 से 40 मिनट की अतिरिक्त देरी और ईंधन की खपत में बढ़ोतरी हुई। इंडिगो ने अपनी अलमाटी और ताशकंद उड़ानें 27 अप्रैल से 7 मई तक के लिए स्थगित कर दीं। इस संकट के बीच यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अव्यवस्था और सही समय पर सूचना न मिलने की शिकायतें कीं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी अपनी फ्लाइट जयपुर डायवर्ट होने पर नाराजगी जताई।

वहीं, डायल ने एडवाइजरी जारी कर यात्रियों को सलाह दी कि वे यात्रा से पहले अपनी एयरलाइन से उड़ान की स्थिति की जानकारी लें। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भी एयरलाइंस को निर्देश दिया है कि यात्रियों को समय पर भोजन, सूचना और सहायता उपलब्ध कराई जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक रनवे 10/28 दोबारा चालू नहीं होता और मौसम स्थिर नहीं होता, तब तक दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन में उतार-चढ़ाव बने रह सकते हैं। फिलहाल, यात्रियों को अतिरिक्त धैर्य और सतर्कता के साथ यात्रा की योजना बनाने की जरूरत है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

AMAR UJALA DELHI 30 APRIL 2025

## दिल्ली : हवाओं व रनवे पर काम से उड़ानों में देरी

नई दिल्ली। आईजीआई हवाई अड्डे पर पूर्वी हवाओं और एक रनवे के उन्नयन कार्य के लिए बंद होने के कारण उड़ानों में देरी हो रही है।

- वेबसाइट फ्लाइटराडार24.कॉम ने दावा किया, मंगलवार को हवाई अड्डे पर लगभग 400 उड़ानों में देरी हुई।
- हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) प्राधिकरण ने सुरक्षित संचालन के लिए मंगलवार रात 8:30 बजे से बुधवार रात 12:30 बजे तक हवाई यातायात प्रबंधन उपाय लागू किए हैं। ब्यूरो

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 30 APRIL 2025

# Despite Pak airspace closure, IndiGo to go ahead with Europe expansion plans

**FLIGHT PATH.** Ticket bookings for its new flights to Amsterdam and Manchester to start next month

**Rohit Vaid**
New Delhi

Undeterred by Pakistan's decision to close its airspace, airline major IndiGo is set to embark on its European expansion plan with ticket bookings for its new flights to Amsterdam and Manchester starting from next month, sources told *businessline*.

Accordingly, the low-cost carrier plans to initially operate these services from a key Indian city to these prominent European destinations as part of its expanding international network.

Sources told *businessline*, that the airline will keep a three- and four-day schedule for its flights to Amsterdam and Manchester.

However, with the recent closure of Pakistan's airspace, IndiGo is also considering adjustments to its flight operations. Last week, the airline had said in a statement that due to the closure of Pakistan's airspace, "over 50 international routes operated by it will require longer sectors and hence may be subject to some slight schedule adjustments".

"With the same restrictions and limited re-routing options, unfortunately, Almaty and Tashkent are outside the operational range of IndiGo's current fleet. Hence, flights to Almaty stand cancelled from the 27th of April until at least the 7th of May and to Tashkent from the 28th of April until the 7th of May, 2025," the airline said.




**WAY FORWARD.** Over 50 international routes will require longer sectors, which may necessitate some slight schedule adjustments SHIV KUMAR PUSHPAKAR

### CURRENT CHALLENGES

Notwithstanding the current challenges, the airline has several options to bypass Pakistan's airpace.

The airline may implement a strategy similar to its operations from Kolkata to Vietnam, sources told *businessline*. IndiGo feeds those operations from flights originating from different destinations within India, which converge at Kolkata, and from their passengers board the flight to Vietnam.

Alternatively, sources said that the airline can simply reroute its flight over the Arabian sea. For its European operation, the airline plans to deploy its lone Boeing 787 Dreamliner aircraft on these routes. IndiGo has entered into a an agreement with Norse Atlantic Airways for the damp lease (with crew) of four Boeing 787-9 aircraft, out of which it has received one. At present, the first 787 has been deployed on the Delhi-Bangkok route. The remaining aircraft are expected to arrive by the second half of 2025.

The enhanced partnership with Norse Atlantic Airways will help IndiGo make strategic inroads and establish the brand in the European market, the airline's Chief Executive Pieter Elbers had earlier said.

### BROADER STRATEGY

"As we execute our broader strategy to strengthen and extend our international network, we are steadily advancing towards our vision of becoming a global player by 2030, firmly rooted in India and driven by continuous expansion," he was quoted as saying in a statement.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 30 APRIL 2025

# हवा की दिशा बदलने से विमान सेवाएं प्रभावित रहीं

**परेशानी**

- 100 विमानों ने देरी से उड़ान भरी
- 20 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी प्रभावित रहीं

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली एयरपोर्ट पर हवा की दिशा के बदलाव का असर मंगलवार को भी देखने को मिला। दिल्ली एयरपोर्ट से लगभग 100 विमानों ने देरी से उड़ान भरी। इनमें 20 अंतरराष्ट्रीय उड़ान भी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, एयरपोर्ट के आसपास पूर्वी दिशा से हवा चल रही है जिसके चलते विमानों के उतरने में परेशानी हो रही है। इसकी वजह से विमानों की उड़ान पर भी असर देखने को मिल रहा है। एयरपोर्ट के टर्मिनल एक एवं तीन से मंगलवार को लगभग 100 विमानों ने देरी से उड़ान भरी। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**चार मई तक रह सकत है समस्याः** दिल्ली एयरपोर्ट की तरफ से इसे लेकर जानकारी भी सोशल मीडिया पर साझा की गई है। उन्हें बताया गया है कि घर से निकलने से पूर्व विमान कंपनी से उड़ान के समय की जानकारी हासिल कर लें ताकि एयरपोर्ट पर परेशानी का सामना न करना पड़े। पूर्वी दिशा से हवा चलने की वजज से यह समस्या आगामी 4 मई तक रह सकती है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

NAVODAYA TIMES DELHI 30 APRIL 2025

# हज के लिए आज से शुरू हो रही हैं उड़ानें

नई दिल्ली, 29 अप्रैल (नवोदय टाइम्स): हज के लिए हज उड़ान बुधवार से शुरू हो रही हैं और 30 मई-2025 तक हाजियों की यह उड़ाने जारी रहेंगी। दिल्ली स्टेट हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने ऐतिहासिक रामलीला मैदान एवं दरगाह सैयद फैज इलाही में हाजियों के शिविरों का दौरा किया।

कौसर जहां के साथ दिल्ली स्टेट हज कमेटी के कार्यकारी अधिकारी अशफाक अहमद आरफी, उप कार्यकारी अधिकारी मोहसिन अली एवं हज कमेटी के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने रामलीला मैदान एवं दरगाह सैयद फैज इलाही में हाजियों के लिए अस्थाई रूप से ठहरने के लिए लगाए गए हज शिविर का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। भारत में कुल 20 एम्बारकेशन प्वाईट से हज यात्रा के लिए यात्रियों की रवानगी होगी और दिल्ली उत्तर भारत का सब से बड़ा एम्बारेशन प्वाईट है। दिल्ली से इस वर्ष लगभग 16 हजार हज यात्रियों को सउदी अरब के मदीना और मक्का के लिए रवाना होंगे।